समाचार

निगम को मिली 06 करोड़ रू. के विकास कार्यो की सौगात

(03 बड़े नाला निर्माण व सड़क नवीनीकरण कार्य भूमिपूजन किया राजस्व मंत्री ने)

कोरबा 15 फरवरी 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत 03 बड़े नालों का निर्माण किए जाने के साथ ही सुनालिया चौक से गौमाता चौक तक बी.टी.सड़क के नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इन चारों महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे ।

नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 02 एवं 03 पावर हाउस रोड से डी.डी. एम.स्कूल तक 01 करोड़ 64 लाख 89 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण, डी.डी.एम. स्कूल से राताखार बाईपास रोड तक 01 करोड़ 59 लाख 38 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाला निर्माण, राताखार बाईपास रोड से स्वीपर मोहल्ला तक 01 करोड़ 55 लाख 60 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण का कार्य किया जाना हैं। इसी प्रकार सुनालिया चौक से गौमाता चौक तक 01 करोड़ 27 लाख 91 हजार रूपये की लागत से बी.टी. सड़क नवीनीकरण का कार्य भी होना हैं। आज डी.डी.एम. रोड स्थित लायंस उद्यान के समीप आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन श्री जयसिंह अग्रवाल ने इन चारों महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बरसाती पानी की समुचित निकासी एवं जलभराव की समस्या से निदान पाने के लिए इन नालों का निर्माण अत्यंत आवश्यक था, जिला खनिज मद से इन नालों के निर्माण हेतु राशि स्वीकृत कराई गई, आज निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है, इन नालों के बन जाने से बारिश के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी तथा जल भराव की समस्या दूर होगी। उन्होने आगे कहा कि शहर की सभी प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण व डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज सुनालिया

चौक से गौमाता चौक तक सड़क नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया है, जबकि इसके पूर्व सी.एस.ई.बी. चौक से टी.पी.नगर चौक तक, सुभाष चौक से घंटाघर चौक तक, शास्त्री चौक से सुभाष चौक तक, सी.एस.ई. बी.चौक से आई.टी.आई.चौक तक, महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर चौक तक के सड़क नवीनीकरण कार्य किए जा रहे हैं, उन्होने कहा कि सी.एस.ई.बी.चौक से दर्री बराज तक फोरलेन का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है जो शीघ्र पूरा हो जाएगा, इससे वाहनों एवं आमनागरिकों का आवागमन अत्यंत सुगम एवं सुविधापूर्ण हो जाएगा।

इस अवसर पर एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, रवि चंदेल, आरती विकास अग्रवाल, दिनेश सोनी, एल्डरमेन बच्चू मखवानी, एस.मूर्ति, आरिफ खान, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सतेन्द्र वासन, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मनीष शर्मा, रामगोपाल यादव, अर्चना उपाध्याय, महेन्द्र सिंह चौहान, दमयंती नायक, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, प्रदीप मजूमदार, सुभाष अग्रवाल, महेन्द्र निर्मलकर, वेदनायक, शैलेष सोमवंशी, संजय बरेठ आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।